कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.04.2025

विषय: -थाना सिन्धोरा पुलिस ने बर्तन की दुकान से चोरी करने वाले अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के फूल धातु के 13 अदद बड़ा थाल, 55 अदद थालियाँ, और 18 अदद कटोरे बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.04.2025 को थाना सिन्धोरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर जाठी पोखरा के पास से मु0अ0सं0 70/2025 धारा 306 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त समीर पुत्र इकबाल, नि. ग्राम सिंधोरा, थाना सिन्धोरा, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष, रामकरन गुप्ता पुत्र स्व0 प्रमोद गुप्ता, नि. ग्राम सिंधोरा, थाना सिन्धोरा, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष, दिनेश विश्वकर्मा पुत्र स्व0 मानिक लाल विश्वकर्मा, नि. उदयचंदपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 50 वर्ष, राजकुमार अग्रहरि पुत्र रामअवतार अग्रहरि, निवासी जलालपुर बाजार, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 37 वर्ष, राजन उर्फ गोलू अग्रहरि, निवासी जलालपुर बाजार, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 21 वर्ष, को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के बर्तन 13 अदद फूल धातु का बड़ा थाल, 55 अदद फूल धातु की थालियाँ, और 18 अदद फूल धातु के कटोरे बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. समीर पुत्र इकबाल, निवासी: ग्राम सिंधोरा, थाना सिन्धोरा, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. रामकरन गुप्ता पुत्र स्व: प्रमोद गुप्ता, निवासी: ग्राम सिंधोरा, थाना सिन्धोरा, जनपद वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।
3. दिनेश विश्वकर्मा पुत्र स्व: मानिक लाल विश्वकर्मा, निवासी: उदयचंदपुर, थाना केराकत, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 50 वर्ष।

4. राजकुमार अग्रहरि पुत्र रामअवतार अग्रहरि, निवासी: जलालपुर बाजार, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 37 वर्ष।
5. राजन उर्फ गोलू अग्रहरि, निवासी: जलालपुर बाजार, थाना जलालपुर, जनपद जौनपुर, उम्र करीब 21 वर्ष।

<u>पंजीकृत अभियोगः-</u>मु0अ0सं0 70/2025 धारा 306 बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस थाना सिंधोरा कमि0 वाराणसी।

पूछताछ विवरण:- पूछताछ के दौरान अभियुक्त समीर तथा रामकरन गुप्ता ने बताया कि हम दोनों लोग रोहित बर्नवाल की दुकान पर काम करते हैं और पैसे के लालच में आकर थोड़ा-थोड़ा कीमती फूल धातु के बर्तन अपने दोस्तों दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार अग्रहरि और राजन उर्फ गोलू अग्रहरि के साथ मिलकर रोहित बर्नवाल, निवासी सिंधोरा बाजार, की दुकान से गोपनीय तरीके से चोरी करके सभी बर्तन अपने-अपने पास इकट्ठा कर लेते थे। हम पाँचों लोग जौनपुर शहर जाकर सरे राह चलते राहगीरों को औने-पौने दाम में बेच देते हैं। जो पैसा मिलता है, उसका हम लोग खाने-पीने और शौक पूरे करने में खर्च कर देते हैं। साहब, आज हम पाँचों लोग रोहित बर्नवाल की दुकान से चोरी किए गए बर्तन को इकट्ठा करके जौनपुर जाकर इन फूल धातु के बर्तनों को बेचने के लिए जाने हेतु वाहन के आने का इंतज़ार कर रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया। साहब, हम लोगों को माफ कर दीजिए।

<u>बरामदगी का विवरण –</u> चोरी के बर्तन 13 अदद फूल धातु का बड़ा थाल, 55 अदद फूल धातु की थालियाँ, और 18 अदद फूल धातु के कटोरे बरामद

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 मिथिलेश कुमार प्रजापति, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 रामानन्द यादव, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 अंकित सिंह, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी।
4. उ0नि0 रौनक श्रीवास्तव, थाना सिन्धोरा, कमि0 वाराणसी
5. उ0नि0 शशिनन्दन यादव थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी
6. हे0का0 रोशन त्रिपाठी थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी
7. का0 संजयराज थाना सिन्धोरा कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,
गोमती-जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।